गृह-कार्य मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री विद्या चरण शुक्ल) : (क) से (ग). दिल्ली नगर निगम खतरनाक तथा मरम्मत-योग्य मकानों का पता लगाने के लिये मटिया महल, चूड़ी वालान, दरीबा कलां और धरमपुरा तथा इसके आसपास की बस्तियों वाले जामा मस्जिद क्षेत्र का सर्वेक्षण जुलाई तथा सितम्बर, 1968 के महीने में किया गया था। 22 मकान खतरनाक तथा 35 मरम्मत-योग्य पाये गए। खतरनाक मकानों को पहले ही गिरा दिया गया है और मरम्मत-योग्य मकानों के सम्बन्ध में मालिकों/निवासियों को दिल्ली नगर निगम अधिनियम, 1957 की धारा 348 के अधीन नोटिस दे दिया गया है।

आई० सी० एस०/भारतीय प्रशासनिक सेवा/भारतीय पुलिस सेवा में अनुसूचित जातियों तथा अनुसूचित आदिम जातियों के लिये पदों का आरक्षित कोटा

4377. **श्री रामस्वरूप विद्यार्थी** : क्या गृह-कार्य मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) आई० सी० एस० भारतीय प्रशासनिक सेवा और भारतीय पुलिस सेवा के कितने अधिकारी अनुसूचित जातियों तथा अनुसूचित आदिम जातियों के हैं;

(ख) क्या यह सच है कि उनके लिये आरक्षित कोटा पूर्णतः पूरा नहीं भरा गया है; और

(ग) यदि हां, तो इस मामले में सरकार द्वारा क्या कार्यवाही की जा रही है ?

गृह-कार्य मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री विद्या चरण शुक्ल) : (क)—

	भारतीय सिविल सेवा भारतीय प्रशासनिक सेवा	भारतीय पुलिस सेवा
अनुसूचित जातियां	148	82
अनुसूचित आदिम जातियां	61	26

(ख) जी नहीं, श्रीमान्। पिछले कुछ वर्षों में अनुसूचित जातियों/अनुसूचित आदिम जातियों के उम्मीदवारों के लिये आरक्षित कोटा पूर्ण-रूप से भरा जा रहा है।

(ग) प्रश्न नहीं उठता।

साम्प्रदायिक दंगों के बारे में जांच

4378. **श्री कंवर लाल गुप्त** :
श्री सूरजभान :
श्री ओंकार लाल बेरवा :
श्री ओमप्रकाश त्यागी :
श्री अब्दुल गनी डार :
श्री यशपाल सिंह :

क्या गृह-कार्य मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे :

(क) क्या सरकार को पिछले छः महीनों में देश के विभिन्न भागों में हुए साम्प्रदायिक दंगों के बारे में अलग से की गई जांच की रिपोर्ट प्राप्त हो गई है;

(ख) यदि हां, तो उन रिपोर्टों का ब्यौरा क्या है;

(ग) इन दंगों के मुख्य कारण क्या थे; और

(घ) इनके बारे में सरकार ने क्या कार्यवाही की है ?

गृह-कार्य मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री विद्या चरण शुक्ल): (क) से (घ). सिवाय महाराष्ट्र में जून 1968 में हुए नागपुर और औरंगाबाद के दंगों के, जिनकी मजिस्ट्रेटों द्वारा जांच की गई थी, पिछले छः महीनों में देश में हुए किसी साम्प्रदायिक दंगे की अलग से जांच नहीं की गई। राज्य सरकार द्वारा दी गई सूचना क अनुसार जांच से प्रतीत होता है कि नागपुर में घटनाओं का आरम्भ एक नव बुद्ध द्वारा एक मुसलमान को बाल कटवाई के पैसे न चुकाने के कारण हुआ था। औरंगाबाद में स्थिति तनावपूर्ण बना दी गई जब एक मुसलमान लड़के ने एक गाय को चाकू से घायल

कर दिया जब वह उस दूकान से जिसमें वह नौकर था रोटी खा रही थी ।

साबरमती आश्रम में 'सोनेट ल्यूमियर'

4379. **श्री हुकम चन्द कछवाय :**
श्री रा० की० अमीन :
श्री मनुभाई पटेल :

क्या **पर्यटन तथा असैनिक उड्डयन** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या सरकार को इस बात के अभ्यावेदन प्राप्त हुए हैं कि 'सोनेट ल्यूमियर' योजना को महात्मा गांधी के साबरमती आश्रम में भी आरम्भ किया जाना चाहिए ;

(ख) यदि हां, तो इस बारे में सरकार द्वारा क्या कार्यवाही करने का विचार है; और

(ग) योजना को क्रियान्वित करने पर कितना खर्च आयेगा और इस योजना के कब तक क्रियान्वित किये जाने की सम्भावना है ?

पर्यटन तथा असैनिक उड्डयन मंत्री (डा० कर्ण सिंह): (क) से (ग). साबरमती आश्रम में ध्वनि एवं प्रकाश प्रदर्शन (सान-एट-लुमिएर स्पैक्टेकल) की व्यवस्था के प्रस्ताव पर सक्रिय रूप से विचार किया जा रहा है ।

पाकिस्तानी नागरिकों की गिरफ्तारियां

4380. **श्री हुकम चन्द कछवाय**: क्या गृह-कार्य मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) 1 जनवरी, 1965 से अब तक देश में कितने पाकिस्तानी नागरिकों को गिरफ्तार किया गया;

(ख) गिरफ्तार किये गये व्यक्तियों में से कितने व्यक्तियों के विरुद्ध सरकार द्वारा मुकदमें चलाये गये थे और उनमें से कितने व्यक्तियों को सजा दी गई थी और सम्बद्ध न्यायालयों में कितने व्यक्तियों के विरुद्ध मामले विचाराधीन हैं; और

(ग) उक्त अवधि में कितने पाकिस्तानी नागरिकों को देश से निकाला गया ?

गृह-कार्य मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री विद्या चरण शुक्ल): (क) से (ग). सूचना एकत्रित की जा रही है और प्राप्त होते ही सदन के सभा पटल पर रख दी जायेगी ।

राष्ट्रपति शासन के अधीन राज्य तथा संघ राज्य क्षेत्रों में पुलिस द्वारा गोली चलाया जाना

4381. **श्री हुकम चन्द कछवाय :**
श्री अब्दुल गनी दार :

क्या गृह-कार्य मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) 1 जनवरी 1965 से अब तक राष्ट्रपति शासन के अधीन राज्यों तथा संघ राज्य क्षेत्रों में कितनी बार गोली चलाये जाने के आदेश दिये गये;

(ख) गोली चलाये जाने के परिणामस्वरूप कितने व्यक्ति मारे गये तथा कितने व्यक्ति घायल हुए; और

(ग) कितने मामलों में अलग-अलग मैजिस्ट्रेट द्वारा न्यायिक जांच की गई थी ?

गृह-कार्य मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री विद्याचरण शुक्ल): (क) से (ग). एक विवरण सभा पटल पर रखा है [**पुस्तकालय में रख दिया गया । देखिए** संख्या L. T.-2684/68.]

Urdu Section Committee of Sahitya Akademi

4382. SHRI GEORGE FERNANDES: Will the Minister of EDUCATION be pleased to state :

(a) the names of the members of the Urdu Section Committee of the Sahitya Akademi;

(b) the dates from which these persons have been serving on the Committee;